BHAGALPUR
Smart City-My Dream City

BHAGALPUR SMART CITY LIMITED

CIN- U93090BR2016SGC033046

पत्रांकः दिनांकः

प्रेषक,

नगर आयुक्त, भागलपुर–सह–प्रबंध निदेशक,
भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड।

सेवा में,

अभियन्ता प्रमुख,
पथ निर्माण विभाग, बिहार
विश्वेश्वरैया भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
पटना– 800001।

विषयः– सर्व श्री ओम शंकर कन्सट्रक्शन प्रा० लि० पंजीकरण संख्या 2180002 को काली सूची में डालने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि संवेदक सर्व श्री ओम शंकर कन्सट्रक्शन प्रा० लि०, मोला बाग, नाला रोड, आरा, भोजपुर– 802301 द्वारा भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निविदा सं० - BSCL/Town Hall/2020/32 दिनांक 14/09/2020 कार्य का नाम –टाउन हॉल का निर्माण में, Earnest Money Deposit, Performance Security तथा Mobilisation Advance के एवज में जाली बैंक गारंटी उपलब्ध कराते हुए निविदा प्राप्त किया गया था। संवेदक के द्वारा उपलब्ध कराये गये सभी बैक गारंटी के जाली होने की पुष्टि बैंक ऑफ इंडिया, प्रोफेसर कॉलोनी शाखा, महुली कोठी, के० जी० रोड, आरा पिन– 802301 द्वारा की गई है (अनुलग्नक–1)।

उपरोक्त कदाचार के लिए संवेदक को पत्रांक 107/BSCL दिनांक 04/03/2021 से कारण पृच्छा की गई जिसका जवाब असंतोषप्रद पाया गया (अनुलग्नक–2)। समीक्षोपरान्त पत्रांक 194/BSCL दिनांक 27/03/2021 द्वारा एकरारनामा को रद्द किया गया है (अनुलग्नक–3)। संवेदक के द्वारा आपके कार्यालय से निर्गत पंजीकरण संख्या– 2180002 को निविदा के अभिलेखों में दिया गया था (अनुलग्नक–4)।

अतः बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में इस प्रकार के कदाचार के लिये निर्धारित प्रावधान के आलोक में सर्व श्री ओम शंकर कन्सट्रक्शन प्रा० लि०, मोला बाग, नाला रोड, आरा, भोजपुर– 802301 को 10 वर्षो के लिए काली सूची में डालते हुए इसकी सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– यथा उपरोक्त।

विश्वासभाजन,

ह०/–

नगर आयुक्त,
भागलपुर–सह–प्रबंध निदेशक,
भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड।

Registered Office : Municipal Corporation Court Compound, Bhagalpur, Bihar-812001. INDIA. Email- info@smartcitybhagalpur.org, Contact - 06412302035, Website- www.smartcitybhagalpur.org

ज्ञापांक : दिनांकः

प्रतिलिपि–

1. अभियन्ता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि यदि सर्व श्री ओम शंकर कन्सट्रक्शन प्रा० लि० का पंजीकरण आपके विभाग में हो तो उक्त संवेदक को काली सूची में डालते हुए इसकी सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।
2. मुख्य अभियंता, नगर विकास एवँ आवास विभाग/लघु जल संसाधन विभाग को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि यदि सर्व श्री ओम शंकर कन्सट्रक्शन प्रा० लि० का पंजीकरण आपके विभाग में हो तो उक्त संवेदक को काली सूची में डालते हुए इसकी सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।
3. प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम/बिहार राज्य सड़क विकास निगम/बिहार चिकित्सा सेवाएं एवँ आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लि०/ बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि यदि सर्व श्री ओम शंकर कन्सट्रक्शन प्रा० लि० का पंजीकरण आपके कार्यालय में हो तो उक्त संवेदक को काली सूची में डालते हुए इसकी सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।
4. प्रबंध निदेशक, पटना स्मार्ट सिटी लि०/मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लि०/बिहार शरीफ स्मार्ट सिटी लि० को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि यदि सर्व श्री ओम शंकर कन्सट्रक्शन प्रा० लि० का पंजीकरण आपके कार्यालय में हो तो उक्त संवेदक को काली सूची में डालते हुए इसकी सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह०/–
नगर आयुक्त,
भागलपुर–सह–प्रबंध निदेशक,
भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड।

ज्ञापांक : F/300/210/BSCL. दिनांकः 01/04/2021

प्रतिलिपि– प्रबंधक (सूचना एवँ तकनीकी), भागलपुर स्मार्ट सिटी लि० को भागलपुर स्मार्ट सिटी लि० के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

[signature]
नगर आयुक्त,
भागलपुर–सह–प्रबंध निदेशक,
भागलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड।